NYC HEALTH+ HOSPITALS

सभी के लिए टीकाकरण

+ फ़्लू टीके
+ Pfizer और J&J COVID-19 टीके
  - वयस्क खुराक
  - 5 वर्ष और उससे अधिक उम्र के बच्चों के लिए खुराक
  - अतिरिक्त प्राथमिक श्रृंखला खुराक कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोगों के लिए
  - बूस्टर

यहाँ उन सभी के लिए उपलब्ध है जो पात्र हैं

COVID-19 और फ्लू का मौसम एक साथ आने के कारण, अपने आप को और अपने प्रियजनों को बीमार होने से बचाना अब पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

COVID-19 और फ्लू के टीके बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और यहाँ तक कि मृत्यु के जोखिम को कम करने के लिए भी सुरक्षित और अत्यधिक प्रभावी हैं।

आप COVID-19 वैक्सीन और फ्लू का शॉट एक ही समय में प्राप्त कर सकते हैं, जिसके लिए आपको अपनी जेब से कोई पैसा खर्च नहीं करना पड़ेगा।

आपके लिए कौन सा टीका सही है इस बारे में अधिक जानें। QR कोड स्कैन करें या **1-844-NYC-4NYC** (1-844-692-4692) पर कॉल करें।

COVID-19 टीकों के बारे में अधिक जानें

फ्लू के टीके के बारे में अधिक जानें

फ्लू और COVID-19 के लिए किसे टीकाकरण करवाना चाहिए?

NYC HEALTH+ HOSPITALS

इन्फ्लुएंजा (फ्लू) टीका

छः महीने और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को प्रतिवर्ष मौसमी इन्फ्लूएंजा (फ्लू) का टीका लगवाना चाहिए, विशेष रूप से:

- 2 साल से कम उम्र के बच्चों को
- 65 साल से अधिक उम्र के लोगों को
- गर्भवती या हाल ही में प्रसव हुई महिलाओं को
- मधुमेह, अस्थमा, हृदय रोग या HIV जैसी चिकित्सीय स्थितियों वाले लोग
- आवश्यक कर्मचारी, जिनमें स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारी और उन लोगों की देखभाल करने वाले लोग शामिल हैं जिन्हें बीमार होने का अधिक जोखिम होता है। जो लोग बच्चों की, विशेषकर छह महीने से कम उम्र के बच्चों की देखभाल करते हैं, उन्हें भी फ्लू का टीका लगवाना चाहिए।

COVID-19 टीका

अब अधिकांश व्यक्ति COVID-19 टीका प्राप्त करने के लिए पात्र हैं:

- 5 से 11 वर्ष की आयु के लोग Pfizer-BioNTech की बच्चों की दो खुराक (एक तिहाई मात्रा) वाली वैक्सीन लगवा सकते हैं
- 12 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों को Pfizer-BioNTech टीके की दो खुराकें मिल सकती हैं
- 18 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों को Moderna की दो खुराकें या Johnson & Johnson/Janssen की एक खुराक मिल सकती है

Pfizer या Moderna COVID-19 वैक्सीन की अतिरिक्त प्राथमिक श्रृंखला खुराकें

अतिरिक्त प्राथमिक श्रृंखला खुराक ऐसे लोगों के लिए उपलब्ध हैं, जिन्हें COVID-19 वैक्सीन की दूसरी खुराक कम से कम 28 दिन पहले लगाई गई है और किसी स्थिति या उपचार के कारण जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो चुकी है। इनमें निम्न शामिल हो सकते हैं:

- कैंसर के लिए सक्रिय उपचार
- अंग प्रत्यारोपण और प्रतिरक्षा प्रणाली की ताकत को कम करने वाली दवा
- पिछले 2 वर्षों के भीतर स्टेम सेल प्रत्यारोपण
- मध्यम या गंभीर प्राथमिक प्रतिरक्षण अपर्याप्तता
- उन्नत या अनुपचारित HIV
- कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स या अन्य दवाओं की उच्च खुराक के साथ सक्रिय उपचार जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मामूली या गंभीर रूप से कमजोर करते हैं

Pfizer की अतिरिक्त प्राथमिक श्रृंखला खुराक लेने के लिए आपकी उम्र 5 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए और Moderna की अतिरिक्त प्राथमिक श्रृंखला खुराक लेने के लिए आपकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। अन्य चिकित्सीय स्थितियों जैसे मधुमेह या हृदय या फेफड़ों की बीमारी वाले अधिकांश लोगों के लिए अतिरिक्त प्राथमिक श्रृंखला खुराक की सिफारिश नहीं की जाती।

COVID-19 बूस्टर खुराक - Pfizer और Moderna वैक्सीन प्राप्तकर्ता

12 साल या उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को अपनी प्राथमिक Pfizer या Moderna COVID-19 टीकाकरण श्रृंखला की दूसरी खुराक लगवाने के कम से कम 5 महीने बाद बूस्टर शॉट लगवाना चाहिए।

जिन लोगों को Pfizer या Moderna वैक्सीन के दो शॉट्स मिले हों, उन्हें अपने उसी वैक्सीन का बूस्टर लगवाने का प्रयास करना चाहिए, लेकिन उनके पास अमेरिका में अधिकृत तीन प्रकार के टीकों में से कोई भी टीका लगवाने का विकल्प है

12-17 वर्ष आयु वर्ग के लोग, जिन्हें इससे पहले पाँच महीने से अधिक समय पहले Pfizer प्राथमिक श्रृंखला लगाई गई थी, वे केवल Pfizer के बूस्टर शॉट के लिए पात्र हैं। 5-11 वर्ष की आयु के कुछ कमजोर प्रतिरक्षा वाले बच्चे अपने दूसरे शॉट के 28 दिन बाद Pfizer वैक्सीन की अतिरिक्त खुराक लगवाने के लिए पात्र हो सकते हैं।

COVID-19 बूस्टर खुराक - Johnson & Johnson वैक्सीन प्राप्तकर्ता

18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को सिंगल खुराक प्राथमिक COVID-19 टीकाकरण लगवाने के कम से कम दो महीने बाद बूस्टर शॉट लगवाना चाहिए। Pfizer या Moderna (mRNA COVID-19 वैक्सीन) के बूस्टर को ज्यादातर स्थितियों में प्राथमिकता दी जाती है।

NYC Health + Hospitals सिस्टम के अस्पतालों में Pfizer और J&J के टीके उपलब्ध हैं। NYC Health + Hospitals/Gotham Health साइट्स Moderna टीकों की पेशकश करती हैं। स्थानों की पूरी सूची के लिए, हमारी वेबसाइट पर जाएँ: **nychealthandhospitals.org**।

Published: 1/7/2022
Hindi